
PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Business Standard, Delhi
Saturday, 29th October 2011, Page: 5
Width: 8.35 cms Height: 29.14 cms, Ref: pmin.2011-10-29.43.40

# Ministries move to direct e-payment by March '12



BS REPORTER
New Delhi, 28 October

IN a move supposed to significantly reduce corruption in government transactions and facilitate direct disbursement of subsidies, the government has developed an e-payment system. By March 2012, all central ministries are to switch to the system, to make payments to both state government and individuals.

Finance minister Pranab Mukherjee will inaugurate the system on Monday, for direct credit of dues from the Government of India into the account of beneficiaries. The transactions will be made through the government's e-payment portal, using digitally signed electronic advice.

Under the traditional system, paying units in the central government use cheques, cash, demand drafts or, in a few ministries, electronic clearance systems for payments to employees and vendors. In recent years, RTGS (Real Time Gross Settlement) and NEFT (National Electronic Funds Transfer) facilities provided by the Reserve Bank of India are also being utilised in various ministries through the banking channel.

The new system is expected to bring transparency and expedite direct payments from central paying units on subsidies to consumers of fertiliser, kerosene and cooking gas. This should ensure adoption of other e-services, due to its efficiency and ease-of-use. The paperless transaction is also expected to reduce overall transaction costs and promote 'green' banking, the finance ministry said.

The e-payment system eliminates physical cheques and their manual processing, so there is expected to be a plus for checks on corruption. Further, the constraints of manual deposits of cheques by payees into their bank account would also go. Currently, 130,000 agencies receive funds from the Government of India.

**THE E-PAYMENT SYSTEM eliminates physical cheques and their manual processing, so there is expected to be a plus for checks on corruption**

Salaries and other payments to other individuals such as suppliers and vendors would be covered under the e-payment facility immediately. Transactions between the Centre and state governments will also be made through the e-payment mode by March 2012. Some parts of pension payments done manually today will also come under the new mode. However, petty payments currently made by issuing cheques to drawing and disbursing officers may continue. Inter-department payments may also take some time to come under e-payment, as would social sector payments.

An official at the Controller General of Accounts, which has developed the e-payment system, said it had been designed to ensure all government departments, including the railways, can benefit. "This will be a major step towards government's preparedness for direct disbursement of subsidies. It will stop corruption at the cutting-edge level. There will be more transparency... Going forward, we will push defence and railways to get into this. States can also join," said the official.

The CGA is also looking at providing SMS alerts to beneficiaries once the e-payment has been made.

PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Business Line, Delhi
Saturday, 29th October 2011, Page: 4
Width: 4.36 cms Height: 21.93 cms, Ref: pmin.2011-10-29.29.33

# Ministry develops online system for direct payment of subsidies

Press Trust of India

*New Delhi, Oct. 28*

The Finance Ministry has developed an e-payment system for direct credit of subsidies to consumers of fertiliser, kerosene and cooking gas.

"This system will bring transparency and expedite direct payments from Central paying units relating to subsidies to the users and consumers...," the Ministry said in a statement today.

**E-PAYMENT**

The 'Government e-payment system' for direct credit of dues from the Central Government into the account of beneficiaries through the 'Government e-Payment Gateway' (GePG) has been developed by the Department of Expenditure.

The Finance Minister, Mr Pranab Mukherjee, will inaugurate the system on Monday.

In the wake of large-scale diversion of subsidies, the Government had announced it will move towards direct transfer of cash subsidy for kerosene, LPG and fertilisers.

**TASK FORCE REPORT**

A task force, under Mr Nandan Nilekani, set up to work out the modalities for the proposed system of direct transfer of subsidy for kerosene, LPG and fertilisers, has submitted its interim report to the Government.

The Government proposes to implement the scheme by March 2012.

GePG is a portal which enables the delivery of payment services from Pay & Accounts Offices (PAOs) for online payment into beneficiaries' accounts in a "seamless manner under a secured environment".

PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Indian Express, Delhi
Saturday, 29th October 2011, Page: 15
Width: 24.05 cms Height: 6.30 cms, Ref: pmin.2011-10-29.36.179

# Central govt payments to go electronic by end-March 2012

ENS ECONOMIC BUREAU
NEW DELHI, OCTOBER 28

IN a move to check corruption and bring in efficiency, the government is working at directly crediting benefits and dues under various centrally-sponsored schemes, salary payments, dividends, interest, pension along with inter-departmental or inter-governmental payments through electronic-mode.

**THE CONTROLLER General of Accounts (CGA) has developed a secure e-payment system**

By March 31, 2012, all the payments made by the government offices would be through e-payment gateways.

The Controller General of Accounts (CGA), under the finance ministry, has developed a secured government e-payment system for direct credit of dues from the government into the account of beneficiaries.

It envisages paperless transactions, reduce overall transaction cost and promote green banking.

"This system will bring transparency and expedite direct payments from central paying units relating to subsidies to the users and consumers of fertiliser, kerosene and cooking gas, which is already a declared objective of the government," CR Sundaramurti, CGA, said.

The e-payment system will save time and efforts in effecting payments and will facilitate elimination of physical cheques and their manual processing. It will also do away with constraints related to manual deposit of cheque by the payees into their bank account.

In addition, reconciliation of transactions and compilation of payment accounts will also be done online.

PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार


Times of India, Delhi
Saturday, 29th October 2011, Page: 19
Width: 20.79 cms Height: 8.64 cms, Ref: pmin.2011-10-29.33.157

# E-payment route for retired govt staff

TIMES NEWS NETWORK

**New Delhi:** Come April 1, retired government employees don't need to run from pillar to post to claim their post-retirement benefits anymore. Once an employee retires, all h/his benefits like gratuity and provident funds are likely to be credited to the account the next day, and the pension will be deposited from the next month.

The Controller General of Accounts (CGA), the government's official account-keeper, has developed a fully secured e-payment gateway for direct credit of dues into the accounts of beneficiaries using digitally signed electronic advice through the new system. Besides revolutionizing payments to individual beneficiaries, the government's e-payment gateway (GePG) — linking 1.3 lakh agencies down to the level of panchayats—has been developed to capture all data on receipt, payments, borrowings and deficit real time.



CASH ON THE CLICK

"This is expected to save the government more than ₹5,000 crore on interest payments annually," said a senior CGA official. The new e-payment gateway will be inaugurated by finance minister Pranab Mukherjee on October 31, and its application will become mandatory for all government departments and ministries from April 1, 2012.

The official said a preliminary estimate suggests the government will borrow ₹40,000 crore-₹-50,000 crore less every year due to availability of real time data. It will also help the Centre in more effectively channelizing plan expenditure on development schemes. The government spends nearly ₹4 lakh crore every year on 140 centrally sponsored plan schemes and over 800 central sector schemes along with state schemes and additional central assistance. The new payment gateway will help monitor the entire disbursement.

Under the traditional system, paying units in central government use cheque, cash, demand draft for making payments to employees and vendors. "The GePG is a portal which enables the successful delivery of payment services from pay and accounts offices for online payment into beneficiaries' accounts in a seamless manner under a secured environment," said a CGA official.

The new gateway serves as middleware between computerized payment and accounts application at pay and accounts offices and the core banking solution of the agency banks or RBI to facilitate paperless transaction, reducing the overall transaction cost. The system is expected to bring in transparency and expedite direct payments from central paying units relating to subsidies to the user and consumers for fertilizer, kerosene and cooking gas—a declared objective of the government.

PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Amar Ujala, Delhi
Saturday, 29th October 2011, Page: 16
Width: 8.21 cms Height: 24.93 cms, Ref: pmin.2011-10-29.48.102

# सभी विभागों में शुरू होगी ई-पेमेंट सुविधा

## लेन-देन में पारदर्शिता लाने की योजना दुरुस्त करेगी केंद्र सरकार

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। सरकारी लेन-देन में पारदर्शिता लाने को लेकर तमाम आलोचनाएं झेल रही केंद्र सरकार ने आखिरकार इसे दुरुस्त करने की पहल कर दी है। अब एक मंत्रालय से दूसरे मंत्रालय व विभाग को रकम भेजने, राज्यों को फंड भेजने और आम आदमी को देर से मिलने वाली पेंशन को इलेक्ट्रॉनिक पेमेंट के जरिए कम समय में पहुंचाया जा सकेगा। कितनी रकम किस विभाग या राज्य को भेजी गई है और वह नियत समय पर जरूरतमंद को मिल गई है, इसकी जानकारी भी ई-पेमेंट के विवरण से हासिल हो सकेगी।

राजस्व विभाग के अंतर्गत लेखा महानियंत्रक ने पूर्ण सुरक्षित सरकारी ई-पेमेंट प्रणाली को विकसित किया है। डिजिटल हस्ताक्षरित इस सुविधा के जरिए सरकार के खाते से सीधे लाभार्थी के खाते में रकम का हस्तांतरण हो सकेगा। सोमवार को वित्त मंत्री प्रणब मुखर्जी आधिकारिक रूप से नई योजना की शुरुआत करेंगे। नई पहल से सरकारी भुगतान प्रक्रिया को बहुत हद तक पेपररहित बनाया जा सकेगा।

मंत्रालय के अधिकारियों का कहना है कि इससे बड़े पैमाने पर होने वाले लेन-देन की लागत कम होने के साथ ग्रीन बैंकिंग को भी बढ़ावा मिल सकेगा। मंत्रालय ने 31 मार्च 2012 तक सभी मंत्रालयों व विभागों में यह सुविधा पूरी तरह शुरू करने का लक्ष्य रखा है। मालूम हो कि सरकार उर्वरक, केरोसिन और रसोई गैस की सब्सिडी जरूरतमंदों के खाते में सीधे तौर पर पारदर्शिता के साथ जमा कराने की बात पहले कर चुकी है। मंत्रालय के अधिकारी ई-पेमेंट को इसी दिशा में एक कदम मान रहे हैं।

गौरतलब है कि अभी तक सरकारी विभागों और मंत्रालयों में चेक, डिमांड ड्राफ्ट या कुछ मंत्रालयों में ईसीएस के जरिए कर्मचारियों और विक्रेताओं को भुगतान किया जाता है। वहीं पिछले कुछ सालों में आरटीजीएस और एनईटी की सुविधा भी कुछ मंत्रालयों ने शुरू की है।



- सोमवार को वित्त मंत्री प्रणब मुखर्जी करेंगे इस योजना की आधिकारिक शुरुआत
- 31 मार्च 2012 तक सभी मंत्रालयों को योजना से जोड़ने का लक्ष्य
- लेखा महानियंत्रक ने इस प्रणाली को विकसित किया है

PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

**Dainik Jagran, Delhi**

**Saturday, 29th October 2011, Page: 10**

**Width: 11.56 cms Height: 13.72 cms, Ref: pmin.2011-10-29.55.65**

# सीधे बैंक खाते में आएगा कोई भी सरकारी भुगतान

- वित्त मंत्री सोमवार को करेंगे इस प्रणाली की शुरुआत
- सब्सिडी व पेंशन भेजने को ई-पेमेंट का ढांचा तैयार

नई दिल्ली, जागरण ब्यूरो : देश की जनता के बैंक खाते में सीधे केरोसीन व रसोई गैस सब्सिडी देने या पेंशन की राशि भेजने का बेहद सुरक्षित ढांचा तैयार हो गया है। वित्त मंत्रालय ने आइटी कंपनियों के साथ मिलकर इसका प्रारूप तैयार कर लिया है। यह बिल्कुल ही सुरक्षित होगा। इससे सरकारी भुगतान में पारदर्शिता तो आएगी ही, इनसे जुड़ा भ्रष्टाचार भी रुकेगा। साथ ही सरकार को सालाना हजारों करोड़ रुपये की बचत भी होगी।

वित्त मंत्रालय की तरफ से दी गई सूचना के मुताबिक, रसोई गैस, केरोसीन और उर्वरक सब्सिडी को ग्राहकों के बैंक खाते में भेजने के लिए ई-पेमेंट सुविधा बना ली गई है। वित्त मंत्री प्रणव मुखर्जी आगामी सोमवार को इसे लांच करेंगे। इससे सबसे ज्यादा फायदा यह होगा कि सब्सिडी के गलत इस्तेमाल पर रोक लग जाएगी। सरकारी सब्सिडी लक्षित समूह तक पहुंच पा रही है या नहीं, सरकार इस पर लगातार नजर रख सकेगी। इस प्रणाली के तहत ग्राहक रसोई गैस व केरोसीन की पूरी कीमत अदा करेंगे, लेकिन उनके बैंक खाते में हर महीने सब्सिडी की निर्धारित राशि जाती रहेगी। मार्च, 2012 से सरकार देश के कुछ चयनित हिस्सों में केरोसीन, रसोई गैस के लिए सब्सिडी पहुंचाने की योजना लागू करने वाली है।

सूत्रों का कहना है कि शुरुआत में भुगतान का यह तरीका सब्सिडी अदायगी के लिए लागू होगा। धीरे-धीरे अन्य विभागों में भी इसका इस्तेमाल होगा। सरकार की योजना हर तरह के सरकारी भुगतान को सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में जमा कराने की है। इस समय देश में 140 केंद्र प्रायोजित कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। चालू वित्त वर्ष 2011-12 के दौरान ही इन पर चार लाख करोड़ रुपये सरकार खर्च कर रहो है। इसके अलावा भी केंद्र व राज्य सरकारों की सैकड़ों स्कीमें चल रही हैं। योजना यह है कि 1 अप्रैल, 2013 से इन सभी स्कीमों व कार्यक्रमों के तहत भुगतान सीधे बैंक खाते में हो। दैनिक जागरण ने दो अक्टूबर, 2011 को इस आशय की एक खबर प्रकाशित की थी।

इस योजना का खाका तैयार करने के लिए वित्त मंत्रालय, योजना आयोग, प्रधानमंत्री कार्यालय और अन्य कई मंत्रालयों को मिलाकर एक समिति गठित की गई थी। वैसे इसका पूरा ढांचा तैयार करने में भी 60 हजार करोड़ रुपये की लागत आने की संभावना है। शुरुआत में ही सरकार को इससे 40 से 50 हजार करोड़ रुपये की बचत होने की संभावना है। आगे चलकर यह बचत एक लाख करोड़ रुपये की हो सकती है।

PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

**Nai Duniya, New Delhi**
**Saturday, 29th October 2011, Page: 14**
**Width: 8.17 cms Height: 11.39 cms, Ref: pmin.2011-10-29.52.161**

# नकद सब्सिडी सीधे खातों में भेजने की व्यवस्था तैयार

**■ सोमवार को वित्त मंत्री करेंगे उद्घाटन**

**नई दिल्ली (प्रेट्र)** । वित्त मंत्रालय ने खाद, केरोसीन और रसोई गैस पर जरूरतमंदों को सब्सिडी के सीधे भुगतान की ऑनलाइन (ई-पेमेंट) व्यवस्था तैयार कर ली है। इस व्यवस्था की सोमवार को शुरुआत की जाएगी। हालांकि, इस व्यवस्था को औपचारिक तौर पर मार्च, 2012 से लागू किया जाएगा। वित्त मंत्री प्रणव मुखर्जी सोमवार को सरकारी ई-पेमेंट प्रणाली का उद्घाटन करेंगे। इसके लिए एक 'सरकारी ई पेमेंट गेटवे' (जीईपीजी) पोर्टल बनाया गया है। इस पोर्टल के जरिए सरकार के भुगतान और लेखा कार्यालय से लाभार्थी के खाते में सीधे ऑनलाइन भुगतान किया जाएगा। इस पोर्टल का विकास व्यय विभाग ने किया है। यह गेटवे पोर्टल सरकार के कंप्यूटराइज्ड पेमेंट एंड एकाउंट्स और बैंकों तथा रिजर्व बैंक के कोर बैंकिंग सोल्युशन (सीबीसी) के बीच कड़ी का काम करेगा।

उर्वरक, केरोसिन और रसोई गैस सब्सिडी जरूरतमंदों तक नहीं पहुंचने की शिकायतों को देखते हुए सरकार ने इनके लिए सब्सिडी भुगतान सीधे लाभार्थी के हाथों में करने की घोषणा इस साल के बजट में की है। नई ई-पेमेंट प्रणाली का इस्तेमाल कई तरह की योजनाओं में भुगतान के लिए किया जा सकेगा। ई-पेमेंट के जरिए अब सीधे लाभार्थी के खाते में धन हस्तांतरण हो जाएगा। ई-प्रणाली के जरिए भुगतान शुरू होने से सरकार का खर्च और कागज का इस्तेमाल कम होगा और इससे पर्यावरण सुरक्षा को भी बढ़ावा मिलेगा। ई-पेमेंट के जरिए भुगतान होने से चेक भेजने, उन्हें तैयार करने, फिर चेक को खाते में जमा कराने और उनकी प्रोसेसिंग करने जैसी प्रक्रिया से बचा जा सकेगा।

PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

**Business Bhaskar, Faridabad**
**Saturday, 29th October 2011, Page: 10**
**Width: 4.87 cms Height: 17.82 cms, Ref: pmin.2011-10-29.56.88**

# सरकारी रकम अब सीधे लाभार्थी के खाते में जाएगी

## केंद्र सरकार के ई पेमेंट गेटवे को वित्त मंत्री प्रणब मुखर्जी 31 अक्टूबर को हरी झंडी दिखाएंगे

बिजनेस भास्कर • नई दिल्ली

सरकार से मिलने वाली रकम पाने के लिए अब आम जनता को बिचौलियों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। केन्द्रीय वित्त मंत्रालय ने एक ऐसा गवर्नमेंट ई पेमेंट गेटवे (जीईपीजी) तैयार किया है, जो केन्द्र सरकार के ई पेमेंट गेटवे के रूप में काम करेगा। शुरू में इस पर सब्सिडी का भुगतान किया जाएगा। बाद में इसका दायरा अन्य सरकारी योजनाओं तक बढ़ाया जा सकता है।

वित्त मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि वित्त मंत्री प्रणब मुखर्जी 31 अक्टूबर को इस सेवा की शुरूआत कर रहे हैं। फिलहाल इसमें उर्वरकों, मिट्टी तेल और रसोई गैस पर दी जाने वाली सब्सिडी दी जाएगी। बाद में सरकार की अन्य लाभकारी योजना को भी इसमें शामिल किया जा सकता है। जीईपीजी को वित्त मंत्रालय में डिपार्टमेंट आफ एक्सपेंडिचर के कंट्रोलर जनरल आफ अकाउंट्स ने विकसित किया है जो कि केन्द्र सरकार के ई पेमेंट गेटवे के रूप में काम करेगा।

अभी जो सिस्टम काम कर रहा है, उसमें चेक, नकद या बैंक ड्राफ्ट आदि का सहारा लिया जाता है। उसमें देरी तो होती है, लाभार्थियों को बिचौलियों का भी सहारा लेना पड़ जाता है। नए सिस्टम में एक क्लिक में पैसा मिल जाएगा।

PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Rashtriya Sahara, Delhi
Saturday, 29th October 2011, Page: 2
Width: 12.66 cms Height: 6.52 cms, Ref: pmin.2011-10-29.41.26

# केंद्र का सोमवार से शुरू होगा ई भुगतान

नई दिल्ली (एजेंसी)। सरकार अपने सभी भुगतान अब ई-पेमेंट यानी इलेक्ट्रानिक प्रणाली के जरिए करेगी। उर्वरक, केरोसिन और रसोई गैस सब्सिडी का भुगतान सीधे लाभार्थी के खाते में करने के लिए भी इस प्रणाली का इस्तेमाल किया जाएगा।

> ▶ सीधे लाभार्थी के खाते में जाएगा उर्वरक, केरोसिन और रसोई गैस के लिए सब्सिडी का भुगतान

वित्त मंत्री प्रणव मुखर्जी सोमवार को 'सरकारी ई-पेमेंट प्रणाली' का उद्‌घाटन करेंगे। इसके लिए एक 'सरकारी ई-पेमेंट गेटवे' पोर्टल बनाया गया है। इस पोर्टल के जरिए सरकार के भुगतान और लेखा कार्यालय से लाभार्थी के खाते में सीधे ऑनलाइन भुगतान किया जाएगा। इसमें गेटवे पोर्टल सरकार के कंप्यूटराइज्ड पेमेंट एंड अकाउंट्स और बैंकों तथा रिजर्व बैंक के कोर बैंकिंग निदान के बीच कडी का काम करेगा। ई-प्रणाली के जरिए भुगतान शुरू होने से सरकार का खर्च और कागज का इस्तेमाल कम होगा और इससे पर्यावरण सुरक्षा को भी बढ़ावा मिलेगा। ई-पेमेंट यानी इलेक्ट्रानिक प्रणाली के जरिए भुगतान होने से चेक भेजना, उन्हें तैयार करना, फिर चेक को खाते में जमा कराना और उनकी प्रोसेसिंग करना लंबी प्रक्रिया से बचा जा सकेगा और समय की बचत होगी। उर्वरक, केरोसिन और रसोई गैस सब्सिडी जरूरतमंद तक नहीं पहुंचने की शिकायतों को देखते हुये सरकार ने इनके लिए सब्सिडी भुगतान सीधे लाभार्थी के हाथों में करने की घोषणा इस साल के बजट में की है। नई ई-पेमेंट प्रणाली का इस्तेमाल सब्सिडी भुगतान के लिए भी किया जाएगा। ई-पेमेंट के जरिए अब सीधे लाभार्थी के खाते में धन हस्तांतरण हो जाएगा।